iv. यदि नकद राशि/डिमांड ड्राफ्ट समय से नहीं जमा कराया जाता तो उस

वाईटीएसकेएल के सभी टर्मिनलों का परिचालन मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री विपणन) द्वारा कोई नोटिस दिए बिना उस समय तक अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा जब तक कि रद्द की गई/जारी न की गई टिकटों और मांग पर्चियों के साथ राशि को जमा नहीं करवा दिया जाता। एक लॉग बुक रखी जाएगी तथा इस पहलू को टीआईए द्वारा उसकी नियमित और आवधिक जाचों के दौरान नोट किया जाए।

v. वाईटीएसकेएल से एकत्र की गई सभी धन राशियों का लेखा जोखा सीबीएस द्वारा दिन प्रतिदिन आधार पर वाईटीएसकेएल के जमा शीर्ष के अंतर्गत रखा जाएगा और प्रत्येक वाईटीएसकेएल से एकत्रित सभी राशि को दिन वार अलग से रखा जाए।

14. कमीशन और राजस्व में हिस्सेदारी

लाइसेंसधारी राजस्व, जो अनिवार्य रूप से टिकटों की बुकिंग अथवा रद्दकरण के लिए ग्राहक पर उदगृहित सेवा प्रभार है, में हिस्सा देगा। लाइसेंसधारी टिकटों की बुकिंग अथवा रद्दकरण के लिए ग्राहक पर उदगृहित सेवा प्रभारों का 25 प्रतिशत हिस्सा संबंधित जोनल रेलवे को देगा।

i. लाइसेंसधारी द्वारा आरक्षित टिकटों की बुकिंग/रद्दकरण के समय यात्रियों से वसूल किए गए 25 प्रतिशत सेवा प्रभारों को रेलवे के लेखे में जमा कराया जाएगा।

ii. लाइसेंसधारी ग्राहकों द्वारा अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर सेवा प्रभारों के रूप में प्रति यात्री एक रुपया वसूल करेगा जो जेटीबीएस द्वारा उदगृहित प्रभारों के बराबर है। अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली के माध्यम से बेचे गए टिकटों के मामले में राजस्व में हिस्सेदारी की व्यवस्था नहीं होगी।

iii. अनारक्षित यूटीएस टिकटों को बेचने पर लाइसेंसधारी द्वारा इस प्रकार एकत्र किए गए सेवा प्रभारों को समग्र रूप से लाइसेंसधारी द्वारा ही रखा ज़ाएगा।

iv. राजस्व शेयरिंग मॉडल एक वर्ष के लिए लागू होगा। एक वर्ष की अवधि के बाद भारतीय रेल योजना की प्रतिक्रिया और इस योजना के अंतर्गत जेनरेट कारोबार की मात्रा के आधार पर राजस्व शेयरिंग फॉर्मूला की समीक्षा करेगी।

v. लेखा और वाणिज्य विभागों द्वारा संयुक्त रूप से राजस्व शेयरिंग प्रणाली की प्रत्येक तिमाही में यह सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा की जाए कि राजस्व का पर्याप्त शेयर रेलवे को प्रोद्भूत हुआ है।

vi. लाइसेंसधारी काउंटरों के खुलने के समय और यात्रियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए सेवा प्रभारों की दर संबंधी सूचना प्रमुख स्थानों पर द्विभाषी रूप में प्रदर्शित करेगा।

15. **लाइसेंस की अवधि** - लाइसेंस की अवधि तीन वर्ष की होगी। लाइसेंसधारी प्रतिवर्ष प्रति काउंटर 5,000 रू. की दर से भारतीय रेलवे को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करेगा। लाइसेंस का इसकी मौजूदा समयावधि के समाप्त होने के बाद सक्षम प्राधिकारी के संतुष्ट होने पर और नवीकरण की अवधि के दौरान प्रचलित मौजूदा नीति के अनुसार नवीकरण किया जा सकता है।

16. **कदाचारों से सुरक्षा**

i. वाइरस/अप्राधिकृत एक्सेस की संभावना से बचने के लिए सिस्टम में पर्याप्त सिस्टम सुरक्षा प्रावधान इन-बिल्ट होंगे।

ii. कदाचारों से सुरक्षा के लिए ब्लॉक बुकिंग, आशोधन, नाम, आयु, लिंग आदि में बदलाव करने की सुविधा नहीं दी जाएगी। बहरहाल, टिकटों के स्थगन/अग्रिम में बुक करवाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

iii. लाइसेंसधारी को वाईटीएसके लाइसेंसधारी द्वारा जारी टिकटों को ही रद्द करने की अनुमति होगी। बहरहाल, वाईटीएसके टिकटें पीआरएस केन्द्रों पर भी रद्द करवाई जा सकती हैं।

iv. रद्दकरण प्रभार रेलवे को क्रेडिट किए जाएंगे परन्तु लाइसेंसधारी को पैरा 8 के अनुसार लाइसेंसधारी द्वारा नियत दर पर यात्रियों से रद्दकरण के लिए कमीशन प्रभारित करने की अनुमति होगी।

v. ये लाइसेंसधारी किसी किस्म के रियायती वाउचर आदि यथा विद्यार्थी रियायत, पास, पीटीओ आदि पर कोई संव्यवहार नहीं करेगा।

vi. इन लाइसेंसधारी को एक अलग से कोड नं. आवंटित किया जाएगा और यह कोड नं. स्वत: टिकट पर भी दर्शाया जाएगा। दो पासवर्ड होंगे, एक पर्यवेक्षी

पासवर्ड, जिसे रेलवे द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और अन्य ऑपरेटर पासवर्ड, जिसे लाइसेंसधारी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।

vii. लाइसेंसधारी को जारी टिकट रोल का रंग भिन्न होगा।

viii. वसूल किए गए किराये का मूल्य, सेवा प्रभार आदि टिकट पर दिए जाएंगे ताकि लाइसेंसधारी द्वारा अधिप्रभार से बचा जा सके। रद्दकरण के मामले में भारतीय रेल को देय रद्दकरण प्रभार और लाइसेंसधारी को देय रद्दकरण कमीशन का रद्द किए जाने वाले टिकट पर उल्लेख किया जाएगा।

17. रजिस्टरों का रख-रखाव, रिटर्न प्रस्तुत करना और लेखा और वाणिज्य अधिकारियों द्वारा जांच आदि

i. लेखों के समायोजन के प्रयोजन से, लाइसेंसधारी जोनल रेलवे के यातायात लेखा कार्यालय को प्रत्येक दस दिन की अवधि के समाप्त होने के बाद पांच कार्य दिवसों के भीतर उस अवधि के दौरान जारी टिकटों के ब्यौरे दर्शाने वाला लेखा प्रस्तुत करेगा और ऐसा ही विवरण भी पीआरएस सह यूटीएस प्रणाली द्वारा लाइसेंसधारी के कोड के साथ प्रस्तुत किया जाएगा और वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (टी) को भेजा जाएगा। विवादित विसंगतियों और मदों को दो विवरणों की प्रति-जांच करने के बाद समायोजित किया जाएगा। यदि किन्हीं दस दिनों की अवधि के दौरान कोई यातायात नहीं होता तो हाथ में टिकटों की क्लोजिंग नं. दर्शाने वाला कुछ नहीं विवरण जोनल रेलवे के वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (टी) को भेजा जाएगा। टिकटों के लेखे जोखे और जारी करने संबंधी एक विस्तृत संयुक्त लेखा और वाणिज्य विभाग प्रक्रिया आदेश इस योजना तथा इस करार में दिए गए मार्ग निर्देशों के अनुसार रेल कर्मचारियों और वाईटीएसकेएल द्वारा कडाई से अनुपालन किये जाने के लिए रेल प्रशासन (जोनल रेलवे द्वारा) अलग से जारी किया जाएगा तथा समय समय पर आशोधित किया जाएगा। लाइसेंसधारी को आशोधित शर्तों का पालन करना होगा।

ii. लाइसेंसधारी के कार्यालयों का लेखा/वाणिज्य विभाग और सांविधिक लेखा

परीक्षा के प्रतिनिधियों अथवा सरकार के ऐसे अन्य प्रतिनिधि द्वारा ऐसे अंतरालों जिसका निर्णय सरकार करेगी द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है। लाइसेंसधारी ऐसे प्रतिनिधियों की जांचों और निरीक्षण के लिए सभी संगत रिकार्ड पूरी तरह से देखने की अनुमति देगा और उन्हें अपेक्षित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

iii. रेल प्रशासन लाइसेंसधारी द्वारा रेलवे को प्रस्तुत किए जाने वाले विवरणों और रिटर्न के फार्मेट निर्धारित करेगा। इन रिटर्नों के ब्यौरे इन रिपोर्टों /रिटर्न की अवधि को भी रेलवे द्वारा जोनल रेलों के विसमुलेधि के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाएगा।

iv. यदि लाइसेंसधारी लेखों और जारी किये गए टिकटों और देय तारीखों पर स्टॉक के ब्यौरे दर्शाने वाला उक्त पैरा में यथा वर्णित विवरण और जारी न की गई और रद्द की गई टिकटों को रेलों को जमा कराने में असफल रहता है अथवा करार और उसके साथ संलग्न अनुसूची के किसी निबंधन एवं शर्त को भंग करता है तो सरकार किसी अन्य अधिकार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना इसके अंतर्गत किसी टिकट की बिक्री को बंद करने और सूची तैयार करके लाइसेंसधारी के पास रखे हुए टिकटों के स्टॉक को जब्त करने की हकदार होगी। सरकार आगे से इस करार को समाप्त करने की भी हकदार होगी। करार की समाप्ति होने पर सरकार को लाइसेंसधारी द्वारा संदेय पूरी राशि का तत्काल भुगतान करना होगा और लाइसेंसधारी ऐसी राशि का तत्काल भुगतान करेगा। सरकार या रेलवे के इसके प्राधिकृत अधिकारी का यह निर्णय कि लाइसेंसधारी ने करार का किसी प्रकार का उल्लंघन किया है कि नहीं, अंतिम होगा और लाइसेंसधारी पर बाध्यकारी होगा।

v. लाइसेंसधारी योजना के तहत यथा अपेक्षित सभी रजिस्टर/किताबें और रिटर्न रखेगा। इसके अतिरिक्त उससे ऐसे दस्तावेजों/रजिस्टरों को रखने के लिए भी कहा जाएगा जिन्हें रेल प्रशासन द्वारा सत्यापन के प्रयोजन से आवश्यक समझा जाता है।

vi. रिफंड (रद्द) टिकटों और नॉन इश्यूड टिकट्स का विवरण यातायात लेखा कार्यालय के पास अगले कार्य दिवस को बिना किसी चूक के अवश्य पहुँचना

चाहिए।

vii. निजी स्वामित्व वाले टर्मिनलों के लिए बैलेंस शीट और यात्री वर्गीकरण प्राधिकृत लाइसेंसधारी और उनके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (ओं) जिनके हस्ताक्षर यातायात लेखा कार्यालय में अवश्य उपलब्ध हो, द्वारा अवश्य हस्ताक्षरित होना चाहिए। इन्हें सीसीएम द्वारा विस एवं मुलेधि के परामर्श से निर्धारित समय अनुसूची के अनुसार यातायात लेखा कार्यालय में नियमित रूप से प्रस्तुत किया जाए।

viii. रेलवे प्रशासन के पास लाइसेंसधारी के कार्यालय को व्यवसायिक घंटों के दौरान किसी भी समय निरीक्षण करने का अधिकार होगा और इस उद्देश्य के लिए रेल प्रशासन जिसे उपयुक्त समझे, उसे प्रतिनियुक्त कर सकता है। इन केन्द्रों पर कदाचार की प्रवृत्ति वाले किसी अवांछित तत्व पर निगरानी करने के उद्देश्य से, लाइसेंसधारी वाईटीएसकेएल पर सीसीटीवी/आईपीटीवी का प्रावधान करेगा। सीसीटीवी/आईपीटीवी के फुटेज को कम से कम एक महीने के लिए सुरक्षित रखा जाएगा और ऐसे डाटा को निरीक्षण कर्मियों की मांग पर मुहैया कराया जाएगा।

ix. लाइसेंसधारी द्वारा दी जा रही सेवाओं के निष्पादन की समीक्षा समय-समय पर सर्वेक्षण करके और दौरा करके और वाणिज्यिक तथा लेखा अधिकारियों इत्यादि के निरीक्षण के माध्यम से की जाएगी।

x. लाइसेंसधारी रेलवे पीआरएस टर्मिनलों के लिए किए गए पर्यवेक्षण जांच या इंटरनेट प्रणाली के लिए अपेक्षित किसी अन्य पर्यवेक्षण के अधीन होगा।

xi. लाइसेंसधारी द्वारा जारी की गई टिकटों की 15 दिनों के विवरण की जांच रेलवे द्वारा की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि किसी लाइसेंसधारी विशेष ने टिकटें जारी करने का कोई असामान्य तरीका तो नहीं अपनाया है।

18. लाइसेंस का अंतरण:

लाइसेंस नॉन-ट्रांसफरेबल होगा, बशर्ते कि एजेंट की मृत्यु के मामले में, लाइसेंस उनके कानूनी उत्तराधिकारी को लिखित में अनुरोध करने पर लाइसेंस की बची हुई अवधि के

लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा ट्रांसफर किया जा सकता है और कानूनी उत्तराधिकारी नवीनीकरण के समय यथा लागू नियमों के प्रावधान के अनुसार उक्त लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन करने का पात्र होगा।

19. **क्षतिपूर्ति खंड**

लाइसेंसधारी या उसके सेवक या एजेंट की भूल-चूक के किसी कृत्य द्वारा सरकार को हुई किसी हानि या क्षति के लिए लाइसेंसधारी पूर्णतया जिम्मेवार होगा और इस संबंध में सरकार को हुई ऐसी हानि या क्षति या लागत, यदि कोई हो, के लिए या के विषय में क्षतिपूर्ति करेगा और क्षतिपूर्ति करके और हानि से बचा के रखेगा। लाइसेंसधारी इस विषय में एक क्षति-पूर्ति बॉन्ड देगा।

20. **रिकॉर्डों का संरक्षण**

लाइसेंसधारी रेलवे बुकिंग से संबंधित सभी रिकॉर्डों को कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित रखेगा। बहरहाल, जहां रिकार्ड कोर्ट केस या कोई अन्य कार्य जो भी हो, के लिए अपेक्षित है, लाइसेंसधारक रिकॉर्ड को उस अवधि के लिए संरक्षित रखेगा जैसा सरकार द्वारा लंबी अवधि तक के लिए रखे जाने के लिए अपेक्षित है।

21. **जुर्माना**

इस करार या कानून के तहत सरकार के कोई अन्य अधिकार और उपचार के बिना पूर्वाग्रह के, सरकार के पास निम्नलिखित अनियमितताएं/चूक होने पर लाइसेंसधारी पर परिनिर्धारित नुकसानियों को अपने स्वंय के विवेकाधिकार पर आरोपित करने का अधिकार होगा।

क) लाइसेंसधारी की चूक (चूकों) के कारण सरकार को हुई आर्थिक क्षति

ख) विलंब या अनियमितताओं के कारण सरकारी राजस्व का नुकसान

ग) रेलवे या ग्राहकों/यात्रियों को कदाचार के कारण हुई हानि

घ) रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक सेवा प्रभार और वाईटीएसकेएल द्वारा वाईटीएसके पर प्रदर्शित सेवा प्रभारों की उगाही।

ङ) अनियमितता/कदाचार का अन्य कोई सिद्ध किया हुआ मामला

च) करार की किसी शर्त का अनुपालन न होना।

22. **समापन**

i) लाइसेंसधारी द्वारा इस करार या भारतीय रेल के नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन किए जाने के किसी मामले में न्यूनतम 50,000रु. के बराबर जुर्माने के तौर पर निवारक सजा के तौर पर लगाए जाएंगे जिसमें लाइसेंस निरस्तीकरण शामिल हो सकता है।

ii) करार, जो इसमें शामिल प्रावधानों के अध्यधीन होगा, दिनांक ------------ से -------------- के लिए लागू रहेगा और दिनांक ---------- को समाप्त होगा बशर्ते कि पहले ही दोनों में से कोई/अन्य पार्टी लिखित में एक महीने का नोटिस देते हुए दूसरे को बिना किसी कारण बताए हुए कि कहाँ से लेखा का समायोजन किया जाए? इसे समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा।

iii) लाइसेंसधारी (लाइसेंसधारियों) की ओर से असमाधानप्रद सेवा अथवा इस करार के निबंधनों और उपबंधों को, रेल प्रशासन को (जो एकमात्र निर्णायक होगा और जिसका विनिश्चय अंतिम होगा) समाधानप्रद रूप में करने में असफलता की दशा में रेल प्रशासन को यह विकल्प होगा कि वह लाइसेंसधारी (लाइसेंसधारियों) को पूर्व में कोई नोटिस दिए बिना तत्काल इस करार को समाप्त कर सकता है और करार के इस प्रकार समाप्त होने पर खंड 13.2 में उल्लिखित प्रतिभूति निक्षेप रेल प्रशासन को समपहृत हो जाएगा और करार के इस प्रकार समाप्त कर दिए जाने पर लाइसेंसधारी (लाइसेंसधारियों) का रेल प्रशासन या उसके किसी पदधारी के विरूद्ध कोई दावा नहीं होगा।

iv) इस करार को निम्नलिखित दशाओं में से किसी भी दशा में, कोई सूचना दिए बिना किसी भी समय, तत्काल समाप्त करने का हकदार होगा, अर्थात: यदि लाइसेंसधारी व्यष्टि है/हैं तो उसे या यदि वह फर्म है तो ऐसी फर्म के किसी भागीदार को किसी समय दिवालिया न्यायनिर्णित कर दिया जाता है, या उसके विरुद्ध रिसीवर की नियुक्ति का आदेश या उसकी संपदा प्रशासन का आदेश कर दिया जाता है, या तत्समय प्रवृत्त किसी दिवाला विषयक अधिनियम के अधीन परिसमापन या प्रशमन के लिए वह कोई

कार्यवाही कराता है, या अपनी चीजबस्त का हस्तान्तरण या समनुदेशन करता है, या संदाय निलंबित करने के लिए अपने लेनदारों के साथ कोई ठहराव या समझौता करता है या संदाय निलंबित कर देता है, या भागीदार अधिनियम के अधीन फर्म विघटित कर दी जाती है, या यदि लाइसेंसधारी कंपनी है तो, कंपनी द्वारा संकल्प पारित कर दिया जाता है, और कंपनी का अनिवार्यत: या स्वेच्छया परिसमापन हो जाता है।

v) यह करार दोनों पक्षकारों में से किसी भी पक्षकार द्वारा एक दूसरे पक्षकार को, कोई कारण बताए बिना, कम से कम एक कैलेंडर मास की लिखित सूचना देकर भी समाप्त किया जा सकेगा।

vi) इस करार को तैयार और निष्पादित करने तथा स्टांप शुल्क अधिनियम के अंतर्गत स्टांप शुल्क का खर्च पूर्णत: लाइसेंसधारी द्वारा वहन किया जाएगा और वह, मांग किए जाने पर, रेल प्रशासन को तुरंत संदेय होगा।

vii) इसमें जैसा अन्यथा उपबंध है उसको छोड़कर, इस करार या इसके किसी निबंधन का परित्याग करने, उसमें परिवर्तन करने या उसे अनुपूरित करने वाला कोई मौखिक या लिखित ठहराव रेल प्रशासन पर तब तक आबद्धकर नहीं होगा जब तक कि उसे इस करार पर पृष्ठांकित नहीं कर दिया जाता या किस प्ररूपिक लिखत में सम्मिलित नहीं कर दिया जाता और उस पर लाइसेंसधारी द्वारा हस्ताक्षर नहीं कर दिए जाते और उसे भारत के राष्ट्रपति की ओर से संविधान के अनुच्छेद 299(i) के उपबंधों के अनुसार सम्यक रूप से निष्पादित नहीं कर दिया जाता।

viii) यदि लाइसेंसधारी पर तामील की जाने वाली कोई सूचना ------------------ में लाइसेंसधारी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या अंतिम ज्ञात कारबार स्थान पर उसके पते पर परिदत्त कर दी जाती है या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेज दी जाती है तो यह समझा जाएगा कि उसकी लाइसेंसधारी पर पर्याप्त रूप से तामील हो गई है। यदि लाइसेंसधारी द्वारा रेल प्रशासन पर तामील की जाने वाली कोई ------------------ रेल -------------------- के कार्यालय में छोड़ दी जाती है या उसके पते पर रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेज दी जाती

है तो यह समझा जाएगा कि उसकी रेल प्रशासन पर पर्याप्त रूप से तामील हो गई है।

ix) इस करार के अधीन या इसके संबंध में अथवा किसी भी रूप में इस विलेख के अर्थान्वयन, अर्थ या प्रभाव के विषय में, या उससे संबंधित या उसके बारे में उत्पन्न होने वाले सभी प्रश्नों, विवादों और या मतभेदों को (उन विषयों के बारे में प्रश्नों, विवादों और या मतभेदों को छोड़कर जिनके विनिश्चय के लिए इसमें इसके पूर्व अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंध किया गया है) माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 द्वारा शासित किया जाएगा और -------------- रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक द्वारा नियुक्त एकमात्र मध्यस्थ को भेज दिया जाएगा। ऐसी किसी नियुक्ति के विषय में यह आपत्ति नहीं की जा सकेगी कि इस प्रकार नियुक्त किया गया मध्यस्थ सरकारी सेवक है, कि उसे इस करार से संबंधित विषयों की बाबत कार्यवाही करनी पड़ी है और कि ऐसे सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों के अनुक्रम में उसने विवादग्रस्त या मतभेद वाले सभी विषयों या किसी विषय पर अपना मत व्यक्त किया है। इस प्रकार नियुक्त मध्यस्थ का अधिनिर्णय अंतिम और इस करार के पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

x) इस करार में जैसा अन्यथा उपबंध है उसके अधीन रहते हुए, रेल प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सभी सूचनाएं और उनकी ओर से की जाने वाली सभी अन्य कार्रवाइयां उनकी ओर से ----------------- रेलवे द्वारा या ऐसे अधिकारी द्वारा दी या की जा सकेंगी जिसे तत्समय उक्त मुख्य वाणिज्यिक अधीक्षक के कृत्य, कर्तव्य और शक्तियां सौंपी गई हों। सभी सांविधिक मानकों, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित मार्ग-निर्देशों और विनियमों के अनुपालन की एकमात्र दायिता संबंधित लाइसेंसधारी की है। श्रम कानून सहित किसी भी सांविधिक प्रावधान का अनुपालन न किए जाने पर रेलवे के विरूद्ध किसी भी प्रकार का कोई दावा नहीं किया जाएगा।

xi) लाइसेंसधारी के कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र में यह खंड होगा कि वे रेलवे के कर्मचारी होने का दावा नहीं करेंगे। कर्मचारी लाइसेंसधारी के होगें और

उक्त लाइसेंसधारी कर्मचारियों के सभी कार्यों के लिए जिम्मेवार होगा।

23. **रेलवे की दायिता:**

किसी आपात स्थिति में यदि रेलवे द्वारा इस प्रकार की राशि का भुगतान करना अपेक्षित है, इसे एजेंट के प्रतिभूति निक्षेप से समायोजित कर लिया जाएगा।

24. **अपरिहार्य घटना:**

इस करार के तहत या इसके अनुसरण में अनुपालन में किसी प्रकार की विफलता, या किसी बाध्यता के अनुपालन में किसी प्रकार के विलंब के लिए न तो रेलवे न लाइसेंसधारी एक दूसरे के लिए दायी होंगे जो उस सीमा तक हो कि ऐसी विफलता अथवा विलंब किसी अपरिहार्य घटना द्वारा प्रत्यक्ष रूप से हुआ हो।

इसके साक्ष्य स्वरूप, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से --------------- रेलवे के श्री -------------------- ने और उक्त --------------------- के श्री --------------- ने ऊपर सर्वप्रथम लिखी तारीख को इस पर अपने-अपने हस्ताक्षर किए हैं।

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से
मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के हस्ताक्षर के साक्षी

हस्ताक्षर और पदनाम

------------------------ रेलवे

लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर के साक्षी

लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर

GOVERNMENT OF INDIA(भारत सरकार)
MINISTRY OF RAILWAYS (रेल मंत्रालय)
RAILWAY BOARD (रेलवे बोर्ड)
****

No.2014/TG-I/23/PRS Terminal **New Delhi, dated 25.09.2014**

General Managers,
All Zonal Railways.

(COMMERCIAL CIRCULAR NO. 50 OF 2014)

Sub: Introduction of scheme for establishment and operation of Yatri Ticket Suvidha Kendra (YTSK).
Ref: Commercial Circular No. 33/2014 and 35/2014

Central Railway & Southern Railway have sought certain clarifications on the YTSK Scheme. The matter has been examined in consultation with Stores Directorate of Ministry of Railways (for S.No. 2) and following decisions have been taken:-

S.No.	Item	Remarks
1	To expedite the selection process the JAG level screening committee and another committee of inspectors be nominated at Divisional Level, who will then send the minutes to the accepting authority i.e CCM/PM or CCM/PS (ref S.No. 3 of CC 35/2014)	Ministry of Railways has framed broad guidelines of the scheme. Working instructions for implementing the same can be finalised by Zonal Railways.
2	The art work on ticket roll and colour scheme to be clarified so as to maintain uniformity on IR. Alternatively, will the rolls be supplied by a Central Agency? (ref: para 9.7 of CC No. 33/2014)	**YTSK tickets to be Red in colour, in the same format as PRS ticket. Procurement/ printing of YTSK tickets to be done by Zonal Railways.**
3	How will Railways consider the cases of those ticketing agents who are working only with IRCTC as e-ticketing agents? (ref: S.No. 1 of CC No. 35/2014)	Zonal Railways may co-ordinate with IRCTC to verify the details of such agents at the time of consideration of their applications.
4	There is a question of overlapping of jurisdiction in suburban areas like Mumbai (Western & Central Railway) w.r.t IRCTC agents.	Ministry of Railways has framed broad guidelines of the scheme. Working instructions for implementing the same can be finalised by Zonal Railways.
5	The office premises should be atleast 150 sq ft in area, easily accessible and properly maintained with adequate convenience and amenities in the locality.	Already clarified vide S.No. 8 of CC 35/2014.

(Dr. S.K. Ahirwar)
DTC(G)/Railway Board

Copy to:

1) CCM/PMs and CCM/PSs, all Zonal Railways.
2) ADG/PR, EDV (T), EDFC, DF(C), OSD/TC, F(C) & V (SS) branches of Railway Board., EDRS(G)
3) MD/IRCTC, Bank of Baroda Building, Parliament Street, New Delhi.
4) General Manager/PRS-I, CRIS, Chanakyapuri, New Delhi.
5) Director General, Professor/Training & Professor/Commercial Railway Staff College, Vadodara.
6) The Principals, Zonal Training Centers, Central Railway, Bhusaval, Eastern Railway, Dhanbad, Northern Railway, Chandausi, NE Railway, Muzaffarpur, NF Railway, Alipurduar, Southern Railway, Trichy, South Central Railway, Maula Ali, SE Railway, Sini, Western Railway, Udaipur.
7) Director, Indian Railway Institute of Transport Management, Hardoi Bypass Road, Manak Nagar, Luknow-2260011.
8) General Secretary, National Federation of Indian Railwaymen (NFIR), 3, Chelmsford Road, New Delhi.
9) General Secretary, All India Railwaymen Federation (AIRF), 4, State Entry Road, New Delhi.
10) Secretary General, Federation of Railway Officers Association (FROA), Room No.370, Rail Bhawan, New Delhi.
11) Secretary General, Indian Railway Promotee Officers Federation (IRPOF), Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
12) Secretary General, All India RPF Association, Room No.256-D, Rail Bhawan, New Delhi.
13) CTM, Metro Railway, Metro Rail Bhavan, 33/1, J L Nehru Road, Kolkata-71.

****

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे बोर्ड

सं. 2014/टीजी-I/23/पीआरएस टर्मिनल नई दिल्ली, दिनांक 25.09.2014

महाप्रबंधक,
सभी क्षेत्रीय रेलें.

(2014 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 40)

विषय : यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाईटीएसके) स्थापित करने और परिचालित करने की योजना आरंभ करना।

संदर्भ : वाणिज्यिक परिपत्र सं. 33/2014 और 35/2014

मध्य रेलवे एवं दक्षिण रेलवे ने वाईटीएसके योजना के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं। रेल मंत्रालय के भण्डार निदेशालय से परामर्श करके इस मामले की जांच की गई है (क्रम सं. 2) और निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:-

क्र. सं.	मद	टिप्पणी
1	चयन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मण्डल स्तर पर जेएजी स्तर की छानबीन समिति और निरीक्षकों की एक दूसरी समिति नियुक्त की जाए, जो तत्पश्चात स्वीकारकर्ता प्राधिकारी अर्थात् सीसीएम/पीएम या सीसीएम/पीएस को कार्यवृत्त भेजेंगे। (वाणिज्य परिपत्र 35/2014 की क्र. सं. 3 देखें)	रेल मंत्रालय ने इस योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। क्षेत्रीय रेलें उसे कार्यान्वित करने की प्रक्रिया से संबंधित अनुदेश जारी कर सकती हैं।
2.	टिकट रॉल पर कलात्मक कार्य और रंग व्यवस्था स्पष्ट होनी चाहिए ताकि भारतीय रेल में समानता बनाए रखी जाए। क्या वैकल्पिक रूप से रॉल की आपूर्ति किसी केन्द्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाएगी? (वाणिज्य परिपत्र सं. 33/2014 का पैरा 9.7 देखें)	**वाईटीएसके टिकटें पीआरएस टिकटों के समान फॉर्मेट में लाल रंग की होंगी। वाईटीएसके टिकटों की खरीद/छपाई क्षेत्रीय रेलों द्वारा की जाएगी।**
3.	रेलवे उन टिकट एजेंटों के मामले पर किस प्रकार विचार करेगी जो ई-टिकट एजेंट के रूप में केवल आईआरसीटीसी के साथ काम करते हैं। (वाणिज्य परिपत्र सं. 35/2014 की क्रम सं. 1 देखें)	एजेंटों के आवेदनों पर विचार करते समय क्षेत्रीय रेलें ऐसे एजेंटों के विवरणों को सत्यापित करने के लिए आईआरसीटीसी के साथ समन्वय स्थापित कर सकती हैं।
4.	आईआरसीटीसी एजेंटों के संबंध में उपनगरीय क्षेत्रों; जैसे मुंबई (पश्चिम एवं मध्य रेलवे) के क्षेत्राधिकार में ओवरलैपिंग का प्रश्न है।	रेल मंत्रालय ने इस योजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। क्षेत्रीय रेलें उसे कार्यान्वित करने की प्रक्रिया से संबंधित अनुदेश जारी कर सकती हैं।
5.	कार्यालय परिसर का क्षेत्रफल कम-से-कम 150 वर्ग फीट, सुगम और उस क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं एवं साधन वाला होना चाहिए।	वाणिज्य परिपत्र 35/2014 के क्रम सं. 8 में पहले ही स्पष्ट किया गया है।

(डॉ. एस. के. अहिरवार)
निदेशक यातायात वाणिज्य (सा.)/रेलवे बोर्ड

GOVERNMENT OF INDIA(भारत सरकार)
MINISTRY OF RAILWAYS (रेल मंत्रालय)
RAILWAY BOARD (रेलवे बोर्ड)

****

No.2014/TG-I/23/PRS Terminal **New Delhi, dated 15 .10.2014**

General Managers,
All Zonal Railways.

(COMMERCIAL CIRCULAR NO. 45 OF 2014)

Sub: Introduction of scheme for establishment and operation of Yatri Ticket Suvidha Kendra (YTSK)

Ref: Commercial Circulars No. 33, 35, 37, 39 & 40 of 2014

CRIS, vide letter No. 2009/CRIS/NDLS-HQ/UTS/IMPLEMENT/ Onlineissue /0085/pt-1 dt 11.9.2014 has sought certain clarifications regarding the YTSK Scheme circulated vide CC No. 33/2014. The issues raised in the letter along with clarifications are as under:-

S.No.	Item	Remarks
1	What will be the procedure to deposit system access charge, registration fee, advance deposit, security deposit, license fee (ref paras 3.5, 5.1, 5.2, 5.3 and 7 respectively)	(i). YTSK licensee will make payment for one time registration fee, system access charges and security deposit/bank guarantee in the name of FA&CAO of the Zonal Railway concerned. In case of advanced deposit as indicated in 5.2, the procedure indicated in the standard agreement will be followed. (ii). The registration fee/advance deposit may be in cash or in for of a bank draft. The security deposit may be in cash/demand draft or in for of bank guarantee by a scheduled bank. (iii) On expiry of the agreement, the Security Deposit shall be refunded to the licensee after realising therefrom all the amounts due by the licensee to the Government either as sale proceeds of tickets, penalties or otherwise whatsoever and accounts adjusted in terms of Para13.2(iii) of Standard Agreement circulated vide Board's letter of even number dated 18.9.2014 (CC No. 39/2014). The refund of security deposit should be processed by Refund Office through Accounts Office after due internal checks.
2	Whether these charges will be deposited at UTS counters through money receipts option or Demand Draft for which option to be provided in the system. If money is deposited at UTS counters when whether to will be included in station earnings and at the time of termination of the contract, refund will be granted through station earnings.	

3	How much deposit and minimum balance will be distributed between UTS and PRS	(i) Out of the advance deposit taken as per para 5.2 of the scheme circulated vide CC 33/2014, 90% of the amount will be allocated for booking tickets through PRS and 10% will be used for booking tickets through UTS. (ii) It may however be ensured by the licensee that facility of booking both type of tickets should be available at the counter and the same should not be held up on account of non-availability of advance deposit in either of the accounts. (iii) As far as minimum balance is concerned, the tickets through PRS will not be issued once the minimum balance touches Rs. 40,000/- and ticket through UTS will not be issued once the minimum balance reaches Rs 10,000/-
4	In para 5.3, it is stated that the licensee would be required to keep an interest free security deposit of Rs 2 lakh per port subject to a maximum of Rs 5 lakh with railways. But he is allowed to take only two numbers of data channels between his location and the nearest PRS centre. So, whether port is related to data channel or terminal?	Port is related to the terminals.
5	What will be the maximum time period for defining of YTSK in the system after depositing of all the charges to the Railways.	30 days.
6	Presently JTBS is only permitted issuance of non-concessional & sr. citizen tickets, renewal of non-concessional season tickets & platform tickets. Other operations like non-issue, cancellation, issuance of other type of tickets are restricted to JTBS. Whether YTSK will be permitted to issue all types of non-concession tickets including non-issue, cancel/ special cancel of tickets, BPT etc?	(i) Only fully paid tickets, senior citizen tickets and platform tickets will be issued from YTSKL terminals and such terminals will not issue tickets on any type of concession vouchers, HOR forms, Identity Cards issued to MPs, rail travel coupons issued to MLAs, freedom fighter card, free passes, indrail pass, etc. (ii) In case of unreserved tickets, the rules applicable to JTBS will also be applicable to YTSK. As such the facility of cancellation of unreserved ticket will not be available to YTSK licensee.

--3/--

		(iii) Cancellation and refund (if any) of unreserved tickets may be done by the serving station as per refund rules in force, after verifying their genuineness. (iv) The facility of making the ticket as 'non-issued' shall also not be made available to YTSKL.
7	A supervisory password (controlled by Railways) and an operator password (controlled by licensee) have been mentioned in the Circular. This is practically not possible since YTSK will be located outside the railway premises and station supervisor cannot endorse for supervisory intervention. Why is the supervisory password required?	7: The supervisory password is required in order to keep a check on the YTSK and to de-activate the terminal(s) if necessary.
8	There will be no separate balance sheet for YTSK as all the transactions will be reflected at depot station which will keep all accounts of YTSK. However, a separate report will be prepared to show the amount deposited and sale of tickets counter wise.	8: Agreed.

2. This issues with the concurrence of Finance & Accounts Directorates of Ministry of Railways.

(Dr. S.K. Ahirwar)
DTC(G)/Railway Board

No.2014/TG-I/23/PRS Terminal **New Delhi, dated 15 .10.2014**

Copy to :

FA&CAO, all Zonal Railways
Director (Audit), All Zonal Railways

(M.K. Dubey)
For, Financial Commissioner, Railways

Copy to:

1) CCM/PMs and CCM/PSs, all Zonal Railways.
2) ADG/PR, EDV (T), EDFC, DF(C), OSD/TC, F(C) & V (SS) branches of Railway Board.
3) MD/IRCTC, Bank of Baroda Building, Parliament Street, New Delhi.
4) General Manager/PRS-I, CRIS, Chanakyapuri, New Delhi.
5) Director General, Professor/Training & Professor/Commercial Railway Staff College, Vadodara.
6) The Principals, Zonal Training Centers, Central Railway, Bhusaval, Eastern Railway, Dhanbad, Northern Railway, Chandausi, NE Railway, Muzaffarpur, NF Railway, Alipurduar, Southern Railway, Trichy, South Central Railway, Maula Ali, SE Railway, Sini, Western Railway, Udaipur.
7) Director, Indian Railway Institute of Transport Management, Hardoi Bypass Road, Manak Nagar, Luknow-2260011.
8) General Secretary, National Federation of Indian Railwaymen (NFIR), 3, Chelmsford Road, New Delhi.
9) General Secretary, All India Railwaymen Federation (AIRF), 4, State Entry Road, New Delhi.
10) Secretary General, Federation of Railway Officers Association (FROA), Room No.370, Rail Bhawan, New Delhi.
11) Secretary General, Indian Railway Promotee Officers Federation (IRPOF), Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
12) Secretary General, All India RPF Association, Room No.256-D, Rail Bhawan, New Delhi.
13) CTM, Metro Railway, Metro Rail Bhavan, 33/1, J L Nehru Road, Kolkata-71.

****

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे बोर्ड

सं. 2014/टीजी-I/23/पीआरएस टर्मिनल | नई दिल्ली, दिनांक 15.10.2014

महाप्रबंधक,
सभी क्षेत्रीय रेलें.

(2014 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 45)

विषय : यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाईटीएसके) स्थापित करने और परिचालित करने की योजना आरंभ करना।

संदर्भ : 2014 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 33, 35, 37, 39 और 40.

क्रिस ने दिनांक 11.9.2014 के अपने पत्र सं. 2009/क्रिस/एनडीएलएस-एचक्यू/यूटीएस/इम्प्लीमेंट/ऑनलाइनइश्यू/0085/पार्ट-1 के तहत वाणिज्यिक परिपत्र सं. 33/2014 के तहत परिपत्रित वाईटीएसके योजना के संबंध में कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं। इस स्पष्टीकरण के साथ-साथ इस पत्र में उठाए गए मुद्दे निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	मद	टिप्पणी
1	सिस्टम उपयोग करने का प्रभार, पंजीकरण शुल्क, अग्रिम जमा, प्रतिभूति जमा, लाइसेंस शुल्क जमा करने की प्रक्रिया क्या होगी? (क्रमश: पैरा 3.5, 5.1, 5.2, 5.3 और 7 देखें)	(i) वाईटीएसके लाइसेंसधारी एक बारगी पंजीकरण शुल्क, सिस्टम उपयोग करने का प्रभार और प्रतिभूति जमा/बैंक गारंटी का भुगतान संबंधित क्षेत्रीय रेल के वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी के नाम करेंगे। 5.2 में यथा उल्लिखित अग्रिम जमा के मामले में मानक करार में दी गई प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। (ii) पंजीकरण शुल्क/अग्रिम जमा नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में हो सकता है। प्रतिभूति जमा नगद/डिमांड ड्राफ्ट या किसी अनुसूचित बैंक के बैंक गारंटी के रूप में हो सकता है। (iii) करार समाप्त होने पर सरकार द्वारा लाइसेंसधारी से सभी बकाया राशि जैसे टिकटों की बिक्री से प्राप्त आय, जुर्माना या कोई अन्य किसी प्रकार की वसूली करने और बोर्ड कार्यालय के दिनांक 18.9.2014 के समसंख्यक पत्र (वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39/2014) के तहत परिपत्रित मानक करार के पैरा 13.2(iii) के अनुसार समायोजित की गई राशि वसूल करने के बाद लाइसेंसधारी को प्रतिभूति जमा का रिफन्ड किया जाएगा। प्रतिभूति जमा की रिफन्ड की प्रक्रिया उपयुक्त आंतरिक जांच के बाद लेखा कार्यालय के माध्यम से रिफंड कार्यालय
2.	क्या इन प्रभारों को धन प्राप्ति विकल्प या डिमांड ड्राफ्ट जिसके लिए सिस्टम में विकल्प दिए जाने हैं, के माध्यम से यूटीएस काउन्टरों पर जमा किया जाएगा। यदि धन यूटीएस काउन्टरों पर धन जमा किया जाएगा तो क्या उसे स्टेशन की आमदनी में शामिल किया जाएगा और ठेका समाप्त होने के समय स्टेशन आमदनी से रिफन्ड दिया जाएगा?	

		द्वारा आरंभ की जाएगी।
3.	यूटीएस और पीआरएस के बीच कितनी जमा एवं न्यूनतम शेष राशि का वितरण किया जाएगा।	(i) वाणिज्य परिपत्र 33/2014 के तहत परिपत्रित योजना के पैरा 5.2 के अनुसार, लिए गए अग्रिम जमा में से 90% राशि पीआरएस के माध्यम से टिकटें बुक करने के लिए आबंटित की जाएगी और 10% राशि यूटीएस के माध्यम से टिकटें बुक करने के लिए उपयोग में लायी जाएगी। (ii) बहरहाल, लाइसेंसधारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए है कि दोनों प्रकार के टिकटों को बुक करने की सुविधा काउंटर पर उपलब्ध होनी चाहिए और वह दोनों में से किसी एक में भी अग्रिम जमा उपलब्ध नहीं होने के कारण बुकिंग बाधित नहीं होनी चाहिए। (iii) जहां तक न्यूनतम शेष राशि का संबंध है, जब न्यूनतम शेष राशि 40,000/- रुपए तक पहुँच जाए तो पीआरएस के माध्यम से टिकटें जारी नहीं की जाएंगी और जब न्यूनतम शेष राशि 10,000/- रुपए तक पहुँच जाए तो यूटीएस के माध्यम से टिकटें जारी नहीं की जाएंगी।
4.	पैरा 5.3 में यह उल्लिखित है कि लाइसेंसधारी को रेलवे के पास प्रति पोर्ट 2 लाख रुपए की ब्याजरहित प्रतिभूति जमा रखनी होगी परन्तु यह राशि वह 5 लाख रुपए से अधिक न हो। परन्तु उसे अपने कार्यस्थल और निकटतम पीआरएस केन्द्र के बीच डाटा चैनलों के केवल दो नम्बर रखने की अनुमति है। अत: पोर्ट, डाटा चैनल अथवा टर्मिनल में से किससे संबंधित है?	पोर्ट टर्मिनल से संबंधित है।
5.	रेलों को सभी प्रभार जमा करने के बाद सिस्टम में वाईटीएसके निर्धारित करने की अधिकतम समयावधि क्या होगी?	30 दिन।
6.	वर्तमान में जेटीबीएस को केवल गैर-रियायती और वरिष्ठ नागरिकों की टिकटें जारी करने, गैर-रियायती सीजन टिकटों का नवीकरण करने और प्लेटफॉर्म टिकटों को जारी करने की अनुमति है। अन्य कार्य जैसे नॉन इश्यू, रद्द करने, अन्य प्रकार के टिकट जारी करने का कार्य जेटीबीएस के लिए प्रतिबंधित है। क्या वाईटीएसके को नॉन-इश्यू (टिकटों को रद्द करने, विशेष रूप से रद्द करने बीपीटी आदि सहित सभी प्रकार के गैर-रियायती टिकटों को जारी करने की अनुमति है।)	(i) केवल पूर्ण भुगतान वाली टिकटें, वरिष्ठ नागरिकों की टिकटें, और प्लेटफॉर्म टिकटें वाईटीएसकेएल टर्मिनलों से जारी किए जाएंगे और इस प्रकार के टर्मिनलों से किसी भी प्रकार की रियायती वाउचर, एचओआर फॉर्म, संसद सदस्यों को जारी किए जाने वाले पहचान पत्र, विधायकों को जारी किए जाने वाले रेल यात्रा कूपन, स्वतंत्रता सेनानी कार्ड,

		नि:शुल्क पास, इंडरेल पासों आदि पर टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। (ii) अनारक्षित टिकटों के मामले में, जेटीबीएस के लिए लागू नियम वाईटीएसके के लिए भी लागू होंगे।अत: अनारक्षित टिकटों को रद्द करने की सुविधा वाईटीएसके लाइसेंसधारियों के पास नहीं होगी। (iii) अनारक्षित टिकटों का रद्दकरण और रिफन्ड (यदि कोई हो) उनकी यर्थार्थता का सत्यापन करने के बाद लागू नियमों के अनुसार सर्विंग स्टेशन द्वारा किया जाएगा। (iv) टिकट की "नॉन इश्यूड" की सुविधा भी वाईटीएसकेएल के पास उपलब्ध नहीं होगी।
7.	परिपत्र में एक पर्यवेक्षी पासवर्ड (रेलों के नियंत्रणाधीन) और एक ऑपरेटर पासवर्ड (लाइसेंसधारी के नियंत्रणाधीन) का उल्लेख किया गया है। यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है क्योंकि वाईटीएसके रेल परिसरों से बाहर स्थित होंगे और स्टेशन पर्यवेक्षक पर्यवेक्षण कार्य की पुष्टि नहीं कर सकता है। पर्यवेक्षी पासवर्ड की क्या आवश्यकता है?	7. पर्यवेक्षी पासवर्ड की आवश्यकता वाईटीएसके पर नियंत्रण रखने और यदि आवश्यक हो तो टर्मिनल (लों) को डिऐक्टिवेट करने के लिए होगी।
8.	वाईटीएसके के लिए अलग बैलेंस शीट नहीं होगी क्योंकि सभी लेन-देन डिपो स्टेशन जिसमें वाईटीएसके के सभी प्रकार के लेखाजोखा मौजूद रहेंगे, पर प्रतिबिम्बित होगी। बहरहाल, प्रत्येक काउन्टर पर जमा की गई राशि एवं टिकटों की बिक्री दर्शाने के लिए अलग से रिपोर्ट तैयार की जाएगी।	8. इस बात से सहमत हैं।

2. इसे रेल मंत्रालय के वित्त एवं लेखा निदेशालय की सहमति से जारी किया जाता है

(डॉ. एस. के. अहिरवार)
निदेशक यातायात वाणिज्य (सा.)/रेलवे बोर्ड

सं. 2014/टीजी-I/23/पीआरएस टर्मिनल **नई दिल्ली, दिनांक 15.10.2014**

प्रतिलिपि प्रेषित:

वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, सभी क्षेत्रीय रेलें
निदेशक (लेखा परीक्षा), सभी भारतीय रेलें

कृते वित्त आयुक्त, रेलें

सं. 2014/टीजी-I/23/पीआरएस टर्मिनल | नई दिल्ली, दिनांक 15.10.2014

<u>प्रतिलिपि प्रेषित :</u>

1) सीसीएम/पीएम एवं सीसीएम/पीएस, सभी क्षेत्रीय रेलें।
2) एडीजी/पीआर, का नि सतर्कता(टी), का नि एफ (सी), निदेशक एफ (सी), वि. का. अधिकारी/टी सी, एफ(सी) तथा सतर्कता (एस एस), का. नि. रे. स्टो. (सा.) शाखाएं रेलवे बोर्ड।
3) एम डी/आई आर सी टी सी, बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
4) महाप्रबंधक/पीआरएस-1, क्रिस, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।
5) महानिदेशक, प्रोफेसर/प्रशिक्षण तथा ः प्रोफेसर/वाणिज्य रेलवे स्टाफ कॉलेज, वडोदरा।
6) प्रिंसिपल, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, मध्य रेलवे/भुसावल, पूर्व रेलवे/धनबाद, उत्तर रेलवे/चंदौसी, पूर्वोत्तर रेलवे/मुजफ्फरपुर, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे/अलीपुरद्वार, दक्षिण रेलवे/त्रिची, दक्षिण मध्य रेलवे/मौला अली, दक्षिण पूर्व रेलवे/सीनी, पश्चिम रेलवे/उदयपुर।
7) निदेशक, भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान, हरदोई बाईपास रोड, मानक रोड, लखनऊ-226001।
8) जनरल सेक्रेटरी, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन (एनएफआईआर), 3, चेम्सफोर्ड रोड, नई दिल्ली।
9) जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया रेलवेमैन फेडरेशन (एआईआरएफ), 4, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली।
10) सेक्रेटरी जनरल, फेडरेशन ऑफ रेलवे ऑफिसर्स एसोसिएशन, (एफआरओए), कमरा नं 370, रेल भवन, नई दिल्ली।
11) सेक्रेटरी जनरल, इंडियन रेलवे प्रमोटी ऑफिसर्स फेडरेशन, (आईआरपीओएफ), कमरा नं 268, रेल भवन, नई दिल्ली।
12) सेक्रेटरी जनरल, ऑल इंडिया आरपीएफ एसोसिएशन, कमरा नं 256- डी, रेल भवन, नई दिल्ली।
13) सीटीएम, मैट्रो रेलवे, मैट्रो रेल भवन, 33/1, जे एल नेहरू रोड, कोलकाता-71

******

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)
****

No. 2015/TG-I/23/YTSK/Suggestions **New Delhi, dated 07.04.2015**

Chief Commercial Managers,
All Zonal Railways.

(COMMERCIAL CIRCULAR NO. 21 OF 2015)

Sub: Clarification regarding Yatri Ticket Suvidha Kendra (YTSK)
Ref: Instructions issued vide CC no. 33, 35, 37, 39, 40 & 45 of 2014.
****

With reference to instructions mentioned above, certain clarifications/ demands were raised by YTSKL which were examined in consultation with Finance & Accounts Directorate of Ministry of Railways and the following has been decided:-

(i) The condition of non-release of berths out of Emergency Quota for tickets issued by YTSKL may be removed. (para 9(vii) of the Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014)

(ii) Para 9(ix) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 may be revised as under:-

"9.(ix) Tickets cancelled prior to preparation of reservation charts must be handed over along with summary of transaction in PRS office, by next working day as per the procedure order to be finalised by zonal railway concerned based on the scheme as well as draft agreement. Failure to deposit these tickets by YTSKL will result in stoppage of facility of issue of tickets by YTSKL and further action as provided in para 22 below."

(iii) In para 9 (xi) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014, the intention behind mentioning that no group booking will be permitted on YTSKL terminal is that YTSKL will not accept request for more than six passengers from one party.

(iv) The word 'pre-bought tickets' mentioned in para 9(xvi) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 means zero value ticket i.e. tickets which are issued without realizing any fare and on the authority of tickets already issued. This however, does not restrict the booking of onward journey of the same party by YTSK.

Dell/B/my documents LETTER/letter_2015

--2/--

(v) Para 11 (i) & (ii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 & para 4 of YTSK Scheme enclosed with CC no. 33 of 2014 will stand amended as under:-

"(i) The timing of operations of terminals in the premises of licensees for general reservation shall be from 0830 hours to 2200 hours on week days and from 0830 hours to 2000 hours on Sundays for booking general PRS and UTS tickets.

(ii) The booking hours for Tatkal tickets will start from 10:30 hours at these centres or as per timings specified by Ministry of Railways from time to time."

(vi) Para 13.2 (iii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 will be revised as under:-

"13.2 (iii) In case the licence is renewed after the expiry of this agreement, the security deposit shall continue (unless revised). However, in case the licence is not renewed after the expiry of the agreement, the security deposit shall be refunded after realizing therefrom all amounts due by the licensee to the Government either as sale proceeds of tickets, penalties or otherwise whatsoever and accounts adjusted. The decision of the Government as to the amount due to the Government by the licensee on this account shall be final and binding on the licensee. Security Deposit shall stand forfeited in case of breach of contract and or termination of the licence due to unsatisfactory service."

(vii) As regards depositing of requisition slip as indicated in para 13.5 (vii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014, it is clarified that YTSKL are not required to deposit any requisition slip for issuing of unreserved tickets through UTS.

(viii) The word 'Government' indicated in para 17 (ii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 means any Government Agency.

(ix) The word 'balance sheet' mentioned in para 17 (vii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 means station balance sheets as prescribed under the codes.

(x) The records to be preserved as mentioned in para 20 of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 refers to the office copies of returns/statements sent to Railways.

(xi) Para 22(i) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014 will stand revised as under:-

--3|--

Mdm

"(a) Any case of violation of provisions of this agreement or the rules of Indian Railways by the licencee would invite deterrent punishment by way of penalties equivalent to maximum of ₹50,000/- which may include termination of licence.

(b) The penalty up to ₹25,000/- can be decided by Sr. DCM/DCM and penalty above ₹25,000/- & up to ₹50,000/- can be imposed on the recommendation of Sr. DCM/DCM and with the approval of DRM.

(c) Termination can be mooted by Sr. DCM with detailed reasons which should be approved by DRM with prior concurrence of associate finance."

(xii) As regards termination of agreement as mentioned in para 22 (ii) & (iii) of Draft Agreement enclosed with CC no. 39 of 2014, it is clarified that these are for two different types of circumstances. The licence can be terminated under para 22 (ii) after giving one month's notice in case the Railway decides to terminate the scheme even if there is no irregularity on the part of YTSKL. However, para 22 (iii) applies to the case where YTSKL has committed any irregularity and in that case licence can be terminated without giving any notice.

(xiii) As regards separate indication of service charges being collected by YTSK, CRIS will develop a separate field to capture service charge component separately for YTSKL and Indian Railways. In the meantime, the procedure stipulated in para 13.5 (i) should be followed scrupulously.

2. Necessary instructions may be issued to all concerned.

3. This issues with the concurrence of Finance Directorate of Ministry of Railways.

DA: As above.

(Dr. S.K. Ahirwar)
Director Traffic Commercial (G)
Railway Board

No. 2015/TG-I/23/YTSK/Suggestions New Delhi, dated 07.04.2015

Copy to :

FA&CAO, all Zonal Railways
Director (Audit), All Zonal Railways

For Financial Commissioner, Railways

Dell/B/my documents LETTER/letter_2015

-- 4 --

Copy to:

1) CCM/PMs and CCM/PSs, all Zonal Railways.
2) ADG/PR, EDV (T), EDFC, DF(C), OSD/TC, F(C) & V (SS) branches of Railway Board.
3) MD/IRCTC, Bank of Baroda Building, Parliament Street, New Delhi.
4) General Manager/PRS-I, CRIS, Chanakyapuri, New Delhi.
5) Director General, Professor/Training & Professor/Commercial Railway Staff College, Vadodara.
6) The Principals, Zonal Training Centers, Central Railway, Bhusaval, Eastern Railway, Dhanbad, Northern Railway, Chandausi, NE Railway, Muzaffarpur, NF Railway, Alipurduar, Southern Railway, Trichy, South Central Railway, Maula Ali, SE Railway, Sini, Western Railway, Udaipur.
7) Director, Indian Railway Institute of Transport Management, Hardoi Bypass Road, Manak Nagar, Luknow-2260011.
8) General Secretary, National Federation of Indian Railwaymen (NFIR), 3, Chelmsford Road, New Delhi.
9) General Secretary, All India Railwaymen Federation (AIRF), 4, State Entry Road, New Delhi.
10) Secretary General, Federation of Railway Officers Association (FROA), Room No.370, Rail Bhawan, New Delhi.
11) Secretary General, Indian Railway Promotee Officers Federation (IRPOF), Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
12) Secretary General, All India RPF Association, Room No.256-D, Rail Bhawan, New Delhi.
13) CTM, Metro Railway, Metro Rail Bhavan, 33/1, J L Nehru Road, Kolkata-71.

*****

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे बोर्ड

सं० 2015/टी जी-1/23/वाईटीएसके/सजेशन्स नई दिल्ली, दिनांक: 07.04.2015

मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक
सभी क्षेत्रीय रेलें

(2015 का वाणिज्यिक परिपत्र सं. 21)

विषय: यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाईटीएसके) के संबंध में स्पष्टीकरण।
संदर्भ: 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 33, 35, 37, 39, 40 और 45 के तहत जारी अनुदेश।

*****

ऊपर उल्लिखित अनुदेशों के संदर्भ में वाईटीएसकेएल द्वारा कुछ स्पष्टीकरण मांगे गए थे/कुछ मांग की गई थी, जिनकी जांच रेल मंत्रालय के वित्त और लेखा निदेशालय के साथ परामर्श करके की गई और इस संबंध में निम्नलिखित विनिश्चय किया गया है:

(i) वाईटीएसकेएल द्वारा जारी टिकटों के लिए आपात कोटे में से बर्थ रिलीज न करने की शर्त को हटा दिया जाए। (2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे का पैरा 9 (vii)।

(ii) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 9 (ix) में निम्नानुसार संशोधन किया जाए:

"9.(ix) पीआरएस कार्यालय के लेन-देन के सार के साथ आरक्षण चार्टों को तैयार करने से पूर्व रद्द की गई टिकटों को संबंधित क्षेत्रीय रेलवे द्वारा इस स्कीम और करार के मसौदे के आधार पर अंतिम रूप दिए जाने वाले प्रक्रिया आदेश के अनुसार अगले कार्य दिवस तक अवश्य सौंप दिया जाए। वाईटीएसकेएल द्वारा इन टिकटों को जमा न कर पाने पर वाईटीएसकेएल द्वारा टिकटों को जारी करने की सुविधा बन्द कर दी जाएगी और आगे की कार्रवाई नीचे पैरा 22 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार की जाएगी।"

(iii) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 9 (xi) में वाईटीएसकेएल टर्मिनल पर कोई ग्रुप बुकिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यह उल्लेख करने के पीछे मंशा यह है कि वाईटीएसकेएल, एक पार्टी से 6 से अधिक यात्रियों का अनुरोध स्वीकार नहीं करेगा।

(iv) 2014 के वाणज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 9 (xvi) में उल्लिखित 'पहले खरीदी गई टिकटें' शब्दों का आशय है कि शून्य मूल्य की टिकट अर्थात् वे टिकटें, जिन्हें कोई किराया वसूल किए बिना और पहले जारी की गई टिकटों के प्राधिकार पर जारी किया जाता है। बहरहाल, इससे वाईटीएसके द्वारा उसी पार्टी के लिए आगे की यात्रा की बुकिंग पर प्रतिबन्ध नहीं लगता है।

--2/--

(v) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 11 (i) और (ii) और 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 33 के साथ संलग्न वाईटीएसके स्कीम के पैरा 4 में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा:

"(i) सामान्य आरक्षण के लिए लाइसेंसधारियों के परिसरों में लगाए गए टर्मिनलों की कार्यावधि जनरल पीआरएस और यूटीएस टिकटों की बुकिंग के लिए सप्ताह के दिनों में 08:30 बजे से 22:00 बजे तक और रविवार को 08:30 बजे से 20:00 बजे तक होगी।

(ii) इन केन्द्रों पर तत्काल टिकटों के लिए बुकिंग समय 10:30 बजे अथवा समय-समय पर रेल मंत्रालय द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए समय क्रम के अनुसार शुरू होगा।

(vi) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 13.2(iii) को निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा:

"13.2(iii) इस करार की समाप्ति के बाद लाइसेंस का नवीकरण किए जाने की स्थिति में प्रतिभूति निक्षेप जारी रहेगा (संशोधित न किया गया हो तो)। बहरहाल, करार की समाप्ति के बाद लाइसेंस का नवीकरण न किए जाने की स्थिति में प्रतिभूति निक्षेप में से लाइसेंसधारी द्वारा सरकार को टिकटों की बिक्री राशि, जुर्माने अथवा अन्यथा जो भी हो, देय सभी राशि वसूल करके और लेखा समायोजित करके शेष राशि वापस कर दी जाएगी। इस संबंध में लाइसेंसधारी द्वारा सरकार को देय राशि के बारे में सरकार का निर्णय अंतिम होगा और उसे लाइसेंसधारी को मानना अनिवार्य होगा। संविदा का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में अथवा असंतोषजनक सेवा होने की स्थिति में लाइसेंस समाप्त किये जाने पर प्रतिभूति निक्षेप को जब्त कर दिया जाएगा।"

(vii) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के प्रारूप के पैरा 13.5 (vii) में यथा उल्लिखित मांग पर्ची को जमा करने का संबंध है, इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि वाईटीएसकेएल को यूटीएस के माध्यम से अनारक्षित टिकटों को जारी करने के लिए कोई मांग पर्ची जमा करना अपेक्षित नहीं है।

(viii) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 17 (ii) में यथा उल्लिखित 'सरकार' शब्द का आशय किसी सरकारी एजेंसी से है।

(ix) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 17 (vii) में यथा उल्लिखित 'तुलना पत्र' शब्द का आशय संहिताओं में निर्धारित स्टेशन के तुलना पत्रों से है।

(x) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 20 में यथा उल्लिखित संरक्षित किए जाने वाले रिकार्ड का आशय रेलों को भेजे जाने वाली विवरणियों/विवरणों की कार्यालय प्रतियों से है।

(xi) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 22 (i) में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा:

--3/-

"(क) लाइसेंसधारी द्वारा इस करार के किन्हीं प्रावधानों अथवा भारतीय रेलवे के नियमों का उल्लंघन किए जाने के किसी भी मामले में निवारक दण्ड लगाया जा सकता है जिसमें 50,000 रूपए का अधिकतम जुर्माना लगाना और लाइसेंस को समाप्त करना शामिल है।

(ख) 25,000 रूपए तक के जुर्मानों का निर्णय सीनियर डीसीएम/डीसीएम द्वारा लिया जा सकता है और 25,000 रूपए से अधिक और 50,000 रूपए तक का जुर्माना सीनियर डीसीएम/डीसीएम की सिफारिश और मण्डल रेल प्रबन्धक के अनुमोदन से लगाया जा सकता है।

(ग) सीनियर डीसीएम द्वारा विस्तृत कारणों का उल्लेख कर मण्डल रेल प्रबन्धक के अनुमोदन से लाइसेंस समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए सह वित्त की पूर्व सहमति अपेक्षित है।

(xii) 2014 के वाणिज्यिक परिपत्र सं. 39 के साथ संलग्न करार के मसौदे के पैरा 22 (ii) और (iii) में यथा उल्लिखित करार को समाप्त करने के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसा दो किस्म की परिस्थितियों में किया जा सकता है। यदि रेलवे इस योजना को समाप्त करने का निर्णय लेती है तो वाईटीएसकेएल की ओर से कोई अनियमितता न किए जाने की स्थिति में भी लाइसेंस को पैरा 22 (ii) के तहत एक माह का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। बहरहाल, पैरा 22 (iii) उन मामलों में लागू होता है जिनमें वाईटीएसकेएल ने कोई अनियमितता की हो और उस मामले में बिना कोई कारण बताए लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

(xiii) जहां तक वाईटीएसके द्वारा वसूल किए जा रहे सेवा प्रभार को अलग से दर्शाने का सवाल है। क्रिस, वाईटीएसकेएल और भारतीय रेलवे के लिए अलग-अलग सेवा प्रभार के घटक को दर्शाने के लिए एक अलग फील्ड विकसित करेगा। इस बीच यह उल्लेखनीय है कि पैरा 13.5 (i) में निर्दिष्ट प्रक्रिया का भलीभांति पालन किया जाना चाहिए।

2. सभी संबंधितों को आवश्यक अनुदेश जारी किए जाएं।

3. इसे रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय की सहमति से जारी किया जाता है।

संलग्न: यथोक्त

(डॉ. एस. के. अहिरवार)
निदेशक यातायात वाणिज्य (सा.)
रेलवे बोर्ड

सं० 2015/टी जी-1/23/वाईटीएसके/सजेशन

नई दिल्ली, दिनांक: 07.04.2015

प्रतिलिपि प्रेषित:
वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, सभी भारतीय रेलें
निदेशक, लेखा परीक्षा, सभी भारतीय रेलें

नरेश
कृते वित्त आयुक्त, रेलवे

1. सीसीएम/पीएम एवं सीसीएम/पीएस, सभी क्षेत्रीय रेलें।
2. एडीजी/पीआर, कार्यपालक निदेशक सतर्कता(टी), कार्यपालक निदेशक वित्त (सी), निदेशक वित्त (सी), विशेष कार्यधिकारी/टीसी, वित्त (सी) एवं सतर्कता (एसएस) शाखाएं, रेलवे बोर्ड।
3. प्रबंध निदेशक/आईआरसीटीसी,, बैंक ऑफ बडौदा, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली।
